पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने उच्चीकृत विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन किया

लखनऊः 27 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राज्यपाल सचिवालय के उच्चीकृत विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन किया तथा राज्यपाल सचिवालय के विभिन्न अनुभागों के कक्ष में वातानुकूलन व्यवस्था के संचालन का शुभारम्भ किया। राज्यपाल द्वारा पूर्व में किये गये कार्यालय निरीक्षण में कहा गया था कि कर्मचारियों की सुविधाओं में वृद्धि की जाये जिससे उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि हो। सुयोग्य वातावरण में काम करने से कार्य की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।

उल्लेखनीय अब तक राज्यपाल सचिवालय के कर्मचारियों के कक्षों में वातानुकूलन की व्यवस्था नहीं थी। राज्यपाल के दिशा-निर्देशों के बाद राज्यपाल सचिवालय के विभिन्न अनुभागों के भूतल एवं प्रथम तल के कक्षों में 11 ए0सी0 स्थापित किये गये हैं। राज्यपाल सचिवालय के विद्युत उपकेन्द्र के उच्चीकरण में 250 के0वी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर की स्थापना, विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन पैनल की स्थापना एवं केबलिंग/आंतरिक विद्युतीकरण तथा ए0सी0 के क्रय एवं स्थापना के कार्यों में कुल रूपये 26.25 लाख का व्यय हुआ है।

राज्यपाल ने उद्घाटन के पश्चात् राज्यपाल सचिवालय के विभिन्न अनुभागों में जाकर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके कार्य निष्पादन के तरीके की जानकारी ली और अपनी ओर से बेहतर कार्य करने के लिए सुझाव भी दिये। उन्होंने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को राजभवन से बहुत अपेक्षायें हैं। जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए समयबद्ध तरीके से काम करने की प्रणाली पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासकीय हित में जो भी कार्य किया जाये उसे बेहतर ढंग से करने का प्रयास होना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, सचिव श्री चन्द्र प्रकाश, विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक श्री संजय श्रीवास्तव सहित राजभवन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (263/33)